# OFFICE OF THE PRINCIPAL,
# GOVERNMENT MEDICAL COLLEGE, PURNEA
Line Bazar Purnea – 854301 (Bihar)
(An Institution of Govt. of Bihar)
Write us : govt.mcpurnea@gmail.com
Visit us : https://gmchpurnea.com


Letter No. ....285...../ Date :...04./.08../2023

सेवा में,

निदेशक,
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार, पटना।

**विषयः– विज्ञापन प्रकाशित करने के संबंध में।**

महाषय,

उपर्युक्त विषयक सूचित करते हुए कहना है कि राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, पूर्णियाँ हेतु शैक्षणिक सत्र 2023–24 हेतु आवश्यक पुस्तक एवं जर्नल कय हेतु निविदा की शर्तें छः प्रतियों में हार्ड एवं C.D एक प्रति में इस पत्र के साथ संलग्न कर भेजा जा रहा है।

अतएव अनुरोध है कि 03 तीन मुख्य दैनिक सामाचार पत्रों में यथाशीघ्र प्रकाशित करने हेतु कृपया प्राप्ति स्वीकार करने की कृपा की जाय।

अनुलग्नक–
1. निविदा की शर्तें छः प्रति।
2. C.D एक प्रति।

विश्वासभाजन
2-8-2023
प्राचार्य
राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, पूर्णियाँ
29.7.23

ज्ञापांक–...285.../ पूर्णियाँ दिनांक......04....../08/2023

प्रतिलिपि– सचिव, स्वास्थ्य विभाग, बिहार पटना को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :- जिला सूचना एवं जनसम्पर्क पदाधिकारी, पूर्णियाँ को सूचनार्थ प्रेषित।

2-8-2023
प्राचार्य
राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, पूर्णियाँ
29.7.23

**OFFICE OF THE PRINCIPAL,**
**GOVERNMENT MEDICAL COLLEGE, PURNEA**
**Line Bazar Purnea – 854301 (Bihar)**
**(An Institution of Govt. of Bihar)**
write us : govt.mcpurnea@gmail.com Visit us : https://gmchpurnea.com

Letter No. ......285........./ Date :...04.../...08.../2023

# निविदा सूचना

भारतीय चिकित्सा परिषद, नई दिल्ली के मापदण्ड को पूर्ण करने हेतु राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, पूर्णियाँ के केन्द्रीय एवं विभागीय पुस्तकालय के लिए वित्तिय वर्ष 2023-24 में मेडिकल पुस्तकों की नवीनतम एवं मूल संस्करण, विभिन्न विषयों/विशेषताओं के जर्नल (राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय) की आपूर्त्ति करने हेतु प्रकाशकों, प्राधिकृत वित्रकों अथवा अधिकृत विक्रेताओं जो FPBAI नई दिल्ली के मापदण्डों के शर्तों को पूरा करते हो एवं जी० ओ० सी० के द्वारा पुस्तकों/ जर्नलों की आपूर्त्ति के प्राधिकृत एजेन्ट हों वे निम्न शर्त्त और स्थिति (Terms and Condition) के साथ विज्ञापन के प्रथम प्रकाशन की तिथि से 21 दिनों के अन्दर मुहरबन्द लिफाफे में निबंधित डाक/ स्पीड पोस्ट द्वारा निविदा समर्पित करेंगे। 21 वे दिन अगर किसी प्रकार का अवकाश रहता हैं या किसी अपरिहार्य कारण से प्राचार्य कार्यालय बंद रहता है तो उससे अगले दिन तक निविदा प्राप्त की जायेगी। निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि के अगले दिन क्रय समिति के समक्ष निविदा खोली जायेगी। जिसमें निविदाता या उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं।

निविदा की शर्त्त हैः-

**निविदा दो प्रकार की होगीः- (क) तकनिकी निविदा, (ख) वित्तीय निविदा**

दोनों प्रकार की निविदा अलग-अलग लिफाफों में मुहरबंद होनी चाहिये तथा संबंधित लिफाफे के ऊपर तकनिकी एवं वित्तीय निविदा स्पष्ट रूप से अंकित होना चाहिये। प्रत्येक लिफाफे पर निविदादाता का नाम एवं पूर्ण पता मोबाईल नं० सहित होना चाहिये। दोनों मुहरबंद लिफाफे को एक अलग बड़े लिफाफे में मुहरबंद होना चाहिये। अगर दोनों निविदा निबंधित डाक द्वारा अलग-अलग समर्पित की जाती है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

1. निविदा के साथ अग्रधन की राशि के रूप में प्राचार्य, राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, पूर्णियाँ के पदनाम से जारी रूपये **2,00,000/-** (दो लाख) रूपये मात्र का राष्ट्रीय बैंक ड्राफ्ट संलग्न करना अनिवार्य है। निविदा अस्वीकृत होने पर निविदादाताओं द्वारा दिए गए डाक टिकट लगे लिफाफे में अग्रधन की राशि वापस कर दी जायेगी।

2. निविदादाता को सभी राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय जिसमें **Oxford University Press, WHO, Cambridge University Press, Tylor & Francis, Wolter Kluwer, Elsevier,** इत्यादि प्रकाशकों का अधिकृत वितरक का प्रमाण-पत्र संलग्न करना अनिवार्य हैं।
3. निविदा के साथ पैन कार्ड की छायाप्रति, निबंधन प्रमाण-पत्र, आयकर रिटर्न प्रमाण-पत्र पिछले तीन वर्षों का एवं जी०एस०टी० संबंधित अद्यतन प्रमाण पत्र तथा अद्यतन जी०एस०टी० क्लीयरेन्स प्रमाण-पत्र जो की लेखाकार द्वारा प्रमाणित होंगे संलग्न करना अनिवार्य होगा एवं पैन कार्ड कम्पनी या फार्म के नाम से होना अनिवार्य है।

4. निर्यात (**Export**) एवं आयात (**Import**) का सर्टिफिकेट, **Trade License**, आई०एस०ओ० **9001:2015**, बैंक शोधन क्षमता का प्रमाण होना अनिवार्य हैं।

5. निविदादाता को पिछले **6** (छः) सालों में लगातार पाँच सरकारी चिकित्सा महाविद्यालयों में पुस्तकों/जर्नलों की आपूत्ति का क्रयादेश की छायाप्रति लगाना अनिवार्य हैं।

6. निविदादाता को कम से कम **5** (पाँच) सरकारी चिकित्सा महाविद्यालयों के द्वारा प्रमाणित संतोषजनक सेवाओं का प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।

7. 100 = 00 (एक सौ) रूपये के Non Judicial स्टाम्प पेपर पर प्रथम न्यायिक दण्डाधिकारी द्वारा शपथ पत्र की मूल प्रति फार्म/ आपूर्त्तिकर्त्ता को काली सूची में नहीं होने एवं पुस्तकों/जर्नलों का दर प्रकाशकीय दर से अधिक नहीं होने एवं आपूर्त्ति किये जाने वाले पुस्तक मूल एवं नवीनतम संस्करण की होगी एवं निविदादाता द्वारा इस बात की घोषणा होनी चाहिए की मेरे द्वारा निविदा में संलग्न सभी कागजात सही है, का मूल शपथ-पत्र स्व०-हस्ताक्षरित संलग्न करना अनिवार्य है।

8. सभी पुस्तको/जर्नलों की आपूत्ति एफ०ओ०आर० केन्द्रीय पुस्तकालय, राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, पूर्णियाँ होगी।

9. किसी भी निविदा को बिना कारण बताये स्वीकृत या अस्वीकृत करने का अधिकार प्राचार्य के पास सुरक्षित है।

10. किसी भी तरह के विवाद का निपटारा, पूर्णियाँ (बिहार) स्थित न्यायालय में होगा।

11. अंतिम प्राप्त तिथि के बाद प्राप्त निविदा पर विचार हेतु खोला नहीं जायेगा।

12. निविदा टंकित/कम्प्युटराईज्ड होना अनिवार्य है। हाथ से लिखा मान्य नहीं होगा।

13. आपूर्त्तिकर्ता को क्रय आदेश प्राप्ति के 30 दिनों के अन्दर सभी पुस्तकों की आपूर्त्ति करनी होगी। निर्धारित अवधि में विलम्ब होने पर एक हजार रूपया प्रतिदिन के हिसाब से विलम्ब शुल्क लगेगा एवं क्रयादेश के 30 वें दिन भी आपूर्त्ति नहीं करने के उपरांत क्रयादेश रद्द कर दिया जायेगा।

14. मेडिकल बुक्स एवं जर्नल्स की आपूर्त्तिकर्त्ता को जी०ए०ओ०सी० का सदस्य होना अनिवार्य होगा। मेडिकल बुक्स एवं जर्नल्स के लिए Flat छूट देना अनिवार्य होगा तथा अधिकतम छूट देने वाले निविदादाता को प्राथमिकता दी जायेगी। आपूर्त्तिकर्त्ताओं को मेडिकल बुक्स एवं जर्नल्स की आपूत्ति महाविद्यालय के केन्द्रीय पुस्तकालय में करना होगा इसके लिये किसी भी प्रकार का अग्रिम अथवा अलग से किसी भी प्रकार का राशि देय नहीं होगा।

SKY

15. निविदा में पुस्क/जर्नल हेतु अलग-अलग छूट संबंधी विवरण देना आवश्यक होगा।

16. निविदा में सलग्न सभी पृष्ठ पृष्ठांकित होंगे तथा निविदादाता द्वारा प्रति हस्ताक्षरित होंगे एवं निविदा के प्रथम पृष्ठ पर निविदा में सलग्न सभी कागजातों की सूची (Index), विवरणी टंकित अनिवार्य है।

17. पुस्तकों/जर्नलों का अधिकतम मूल्य प्रकाशकीय दर से अधिक नहीं होना चाहिए। विपत्र के साथ प्रकाशक दर की मूल्य सूची/कैटलग भी देंगे।

18. मेडिकल पुस्तकों/जर्नलों की सूची केंद्रीय पुस्तकालय में कार्य दिवस 12 बजे पूर्वाह्न से 4 बजे अपराह्न तक निःशुल्क प्राप्त कर हैं या के वेबसाइट www.gmchpurnea.com पर देखी जा सकती है।

19. वित्तिय निविदा में पुस्तकों/जर्नलों की सूची का मूल्य भारती रूपये में GST रहित एवं GST सहित Excel Sheet में CD के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।

20. निविदा हेतु Excel Sheet का प्रारूप।

| Sl. No. | Author | Name of Books | Price | Discount | Total |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

2/8/23

**पुस्तकालय सचिव**
राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, पूर्णियाँ

2-8-2K23

**प्राचार्य**
राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, पूर्णियाँ